संख्या- 9/2016/मु.म.03/78-2-2016-92आई.टी./2010

प्रेषक,

भूपेन्द्र एस0 चौधरी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

विशेष सचिव,
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
उ0प्र0 शासन।

आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 22 जनवरी, 2016

विषय:- प्रदेश के अस्पतालों में ई-हॉस्पिटल एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अर्द्ध शा0 पत्र संख्या- NIC/HID/eBlood Bank/2015-1, दिनांक 28.12.2015 की संलग्न छायाप्रति का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से डीईआईटीवाई/एन.आई.सी. द्वारा विकसित की गयी दो एप्लीकेशन्स यथा- ई-हॉस्पिटल एवं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सिस्टम के संबंध में अवगत कराया गया है एवं उक्त को प्रदेश को समस्त अस्पतालों में लागू किये जाने के संबंध में एन.आई.सी. के सहयोग से एक एक्शन प्लान तैयार करने की बात की गयी है।

2. इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त के संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने व कृत कार्यवाही से तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,

(भूपेन्द्र एस0 चौधरी)
विशेष सचिव

संख्याः 9/2016/मु.म.03(1)/78-2-2016 तददिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. राज्य समन्वयक, सीईजी, गोमती नगर, लखनऊ।
2. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी.।
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in